प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मंगला राय बने सबसे प्रभावशाली कुलपति

पंतनगर। २५ जून, २०१६। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मंगला राय, को वर्ड एजुकेशन कांग्रेस द्वारा देश के १०० सबसे प्रभावशाली कुलपतियों में शुमार किया गया है। डा. मंगला राय की ओर से यह सम्मान सीआईएफई, मुंबई के अधिष्ठाता, डा. एन.पी. साहू द्वारा ताज लैंड्स एंड होटल, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में प्राप्त किया गया। डा. राय द्वारा विभिन्न पदों पर रहते हुए कृषि, शिक्षा, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन किया गया है। पंतनगर विश्वविद्यालय में उनके द्वारा एक वर्ष से अधिक के कार्यकाल में किये गये विभिन्न बदलावों से कृषि शिक्षा, शोध एवं प्रसार में लाए गए आमूलचूल परिवर्तनों तथा उनसे हुए सुधारों को देखते हुए यह सम्मान उनके प्रभावशाली नेतृत्व को पुनः सिद्ध करता है। पंतनगर परिसर में कुलपति को यह सम्मान मिलने पर हर्ष का वातावरण है।

चित्र १: कुलपति, डा. मंगला राय।